चंबल अंचल को बड़ी सौगात





# कैलारस से वीरपुर : मेमू ट्रेन के चलने से श्योपुर में हर्ष की लहर

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अगस्त।** ग्वालियर-श्योपुर ब्रॉडगेज परियोजना की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए कैलारस रेलवे स्टेशन से वीरपुर के लिए बहुप्रतीक्षित मेमू पैसेंजर ट्रेन को विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस नई रेल सेवा के शुरू होने से चंबल अंचल के सबलगढ़ व वीरपुर क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना इंतजार समाप्त हुआ है और क्षेत्र में सीधी, सुगम व किफायती रेल कनेक्टिविटी का एक नया अध्याय शुरू हो गया है।

**ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने क्षेत्रवासी :** ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। स्टेशन परिसर भारत माता की जय और विकास के नारों से गूंज उठा। कैलारस से वीरपुर तक ट्रेन का विस्तार होने से आम यात्रियों, दैनिक नौकरीपेशा लोगों, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को यात्रा का सुरक्षित और तेज माध्यम मिलेगा।

**नेतृत्व के प्रति जताया आभार :** इस ऐतिहासिक सौगात और क्षेत्रीय विकास को नई गति देने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति विशेष आभार और धन्यवाद व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में चंबल और ग्वालियर संभाग में इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हो रहा है।

### क्षेत्रीय विकास और व्यापार को मिलेगी नई रफ्तार

कैलारस, सबलगढ़ और वीरपुर सहित ग्रामीण इलाकों के लोगों को अब जिला मुख्यालय और बड़े शहरों तक आवागमन में राहत मिलेगी। स्थानीय बाजारों और कृषि उत्पादों को नजदीकी मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। सड़क मार्ग पर लगने वाले अधिक समय और बस-किराए की तुलना में यह मेमू ट्रेन बेहद किफायती साबित होगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने विश्वास जताया कि ग्वालियर-श्योपुर ब्रॉडगेज लाइन का पूरा काम जल्द संपन्न होने से समूचे अंचल की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेंगी।

# स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण, नलजल योजना पूर्ण करने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अगस्त।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम नगदी, जाटखेडा में स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम नगदी में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित पेयजल टंकी के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। भ्रमण के दौरान तहसीलदार श्री धाकड उपस्थित रहे।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने ग्राम जाटखेडा स्थित मिडिल स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चों से चर्चा कर अध्ययन एवं अध्यापन की स्थिति का आंकलन किया गया, इस दौरान उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक स्तर को परखने के लिए किताब भी पढवाई और पहाड़े भी सुने, अंग्रेजी विषय में दक्षता जानने के लिए अंग्रेजी विषय की



किताब का वाचन भी कराया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल स्टॉफ को निर्देश दिये कि विद्यालय में अकादमिक वातावरण बनाया जायें और शैक्षणिक स्तर में ओर अधिक सुधार किया जायें। उन्होंने बच्चों की पर्याप्त उपस्थिति के संबंध में भी निर्देश दिये।

इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का अवलोकन किया और विद्यालय में अन्य बुनियादी सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। ग्राम जाटखेड़ा में भ्रमण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी किया और आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं एवं सेवाओं का आंकलन किया गया। इस दौरान आंगनबाडी केन्द्र में उपस्थित बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए चित्र आधारित पुस्तक के माध्यम से अक्षर ज्ञान के संबंध में बच्चों को समझाया गया और अ अनार से लेकर ए,बी,सी,डी वर्णमाला पढाई गई। ग्राम नगदी में भी आंगनबाड़ी केन्द्र का अवलोकन किया गया।

### नगदी में आयोजित जनसुनवाई में हुई शामिल

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ग्राम नगदी के भ्रमण के दौरान पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में शामिल हुई, पंचायत भवन में आयोजित जनसुनवाई के अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान के संबंध में मौके से ही संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन परिसर में निर्माणाधीन पेयजल टंकी का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश पीएचई अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन आदि बिछाने का कार्य पूर्ण करते हुए शीघ्रता से पानी की टंकी से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत भवन परिसर में साफ-सफाई कराने के निर्देश मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को दिये। इस दौरान संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच भी मौजूद रहे।



## कलेक्टर ने किया डिग्गी यात्रा का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अगस्त।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मुख्य आतिथ्य में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर एवं टोडी गणेश मंदिर श्योपुर से श्री कल्याण जी महाराज डिग्गी की 27वी पैदल यात्रा का शुभारंभ धार्मिक वातावरण में हुआ।

इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि 27वी डिग्गी पैदल यात्रा 23 अगस्त को कल्याण जी महाराज डिग्गी पहुंचेगी तथा संतों की उपस्थिति में झंडा चढ़ाया जायेगा। इस अवसर पर तहसीलदार दीपेश धाकड़ भी मौजूद रहें।

# ग्राम पंचायत पाण्डोली : कागजों में बन गई सड़क, 1.04 लाख का हुआ भुगतान

**कीचड़ से होकर निकलने को मजबूर ग्रामीणजन**



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अगस्त।** जिले की ग्राम पंचायत पाण्डोली में विकास कार्यों के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। आरोप है कि पंचायत जिम्मेदारों ने धरातल पर सड़क का निर्माण कराए बिना ही शासकीय खजाने से 1.04 लाख रुपये की राशि निकाल ली। कागजों में सड़क का काम पूरा दिखाकर राशि का आहरण कर लिया गया, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि रास्ते पर भारी कीचड़ और जलभराव है, जिससे ग्रामीण रोज नरकीय स्थिति से गुजरने को मजबूर हैं।

**कागजों में पक्की सड़क, जमीन पर दलदल :** ग्रामीणों का कहना है कि जिस रास्ते के लिए 1.04 लाख रुपये स्वीकृत कर निकाले गए, वहां एक तगाड़ी गिट्टी या मिट्टी तक नहीं डाली गई। बारिश और सामान्य दिनों में भी रास्ता गहरे कीचड़ में तब्दील रहता है। राहगीरों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को इसी दलदल से होकर आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे कई बार लोग फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं।

**जिम्मेदारों की मिलीभगत के आरोप :** स्थानीय ग्रामीणों ने पंचायत के सरपंच, सचिव और तकनीकी अमले पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बिना किसी भौतिक सत्यापन और मूल्यांकन के राशि का फर्जी भुगतान किया गया। सरकारी धन का सीधा गबन कर जनता की बुनियादी सुविधाओं से खिलवाड़ किया गया। बार-बार मांग उठाने के बावजूद पंचायत स्तर पर कोई सुनवाई नहीं की गई।

### प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जिला पंचायत सीईओ से मामले की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर जांच दल भेजकर भौतिक सत्यापन कराया जाए और आहरित राशि की रिकवरी के साथ-साथ दोषी पंचायत प्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।



## विद्यालयों में प्रयोग आधारित शिक्षा को बढ़ावा, इकलोद में विद्यार्थियों ने किया गुड़हल के पुष्प का अध्ययन

**विजयपुर, 18 अगस्त।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में विद्यालयों के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रयोग आधारित शिक्षा से जोडा जा रहा है। विद्यार्थियों में प्रयोगात्मक एवं व्यवहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इकलोद में विज्ञान विषय के अंतर्गत प्रयोग आधारित गतिविधि आयोजित की गई। गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों ने गुड़हल के पुष्प के विभिन्न भागों का प्रत्यक्ष अध्ययन किया तथा पुष्प की संरचना एवं उसके प्रमुख भागों की जानकारी प्राप्त की।

इसके साथ ही विद्यार्थियों को सूक्ष्मदर्शी के विभिन्न भागों एवं उनके उपयोग की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने सूक्ष्मदर्शी के लेंस, स्टेज, दर्पण, प्रकाश व्यवस्था, ऑब्जेक्टिव लेंस एवं फोकस करने वाले उपकरणों का अध्ययन करते हुए इसके संचालन की प्रक्रिया के प्रति अपनी समझ विकसित की। जिला शिक्षा अधिकारी श्री यश जैन ने बताया कि विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रखते हुए देखो, समझो और प्रयोग करके सीखो की अवधारणा से जोड़ा जा रहा है। इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा एवं विषय को व्यवहारिक रूप से समझने की क्षमता विकसित हो रही है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी विज्ञान सहित विभिन्न विषयों में ऐसी प्रयोगात्मक गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थी अपने अध्ययन को वास्तविक अनुभवों से जोड़कर बेहतर ढंग से समझ सकें।

# मजदूरों ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अगस्त।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के बैनर तले कार्यकर्ताओं और श्रमिकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित हुए संघ के पदाधिकारियों व श्रमिकों ने शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, जहां प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदर्शन के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने श्रमिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि लंबे समय से श्रमिकों के हितों की अनदेखी की जा रही है। न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल पर बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण मजदूर वर्ग आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहा है।




### ज्ञापन में रखी गई प्रमुख मांगें

बढ़ती महंगाई को देखते हुए सभी संवर्ग के श्रमिकों का न्यूनतम वेतन सम्मानजनक स्तर पर तय किया जाए। विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। सभी पात्र श्रमिकों को ईपीएफ, ईएसआईसी और स्वास्थ्य योजनाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित किया जाए। आंगनबाड़ी, आशा और अन्य मानदेय कर्मियों को उचित मानदेय और सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

ज्ञापन सौंपते हुए संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शासन-प्रशासन ने उनकी मांगों पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो भारतीय मजदूर संघ आगामी दिनों में उग्र आंदोलन और कार्य बहिष्कार करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।

## दलदल से गुजरकर स्कूल जाने को मजबूर नौनिहाल

**श्योपुर, 18 अगस्त।** एक तरफ जहां देश डिजिटल और आधुनिक विकास के दावों के साथ आगे बढ़ रहा है, वहीं श्योपुर जिले के ग्रामीण अंचल से आई एक तस्वीर जमीनी हकीकत को बयां कर रही है। बड़ौदा तहसील के ग्राम सिरसौद में बुनियादी सुविधाओं के अभाव का खामियाजा मासूम स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में गांव का मुख्य संपर्क मार्ग दलदल में तब्दील हो चुका है, जिसके चलते नन्हें-मुन्हें बच्चों को रोजाना कीचड़ से भरे रास्ते से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पक्की सड़क न होने के कारण हल्की सी बारिश होते ही रास्ता पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता है। बच्चे जान जोखिम में डालकर और फिसलते-संभलते हुए किसी तरह स्कूल तक पहुंचते हैं। कई बार बच्चे कीचड़ में गिरकर चोटिल हो जाते हैं और उनकी किताबें व यूनिफॉर्म खराब हो जाती हैं।

# राजघाट के शासकीय आवासों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**एक दर्जन से अधिक अपात्र कब्जेदारों से मकान खाली कराए**



**दतिया, 18 अगस्त।** राजघाट स्थित शासकीय आवासीय कॉलोनी में वर्षों से जमे अपात्र कब्जेदारों के खिलाफजिला प्रशासन ने मंगलवार को सख्त कार्रवाई की। प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के साथ कॉलोनी पहुंचे और अपात्र कब्जेदारों को महज दो घंटे के भीतर आवास खाली करने का अल्टीमेटम दिया। अचानक हुई कार्रवाई से कॉलोनी में हड़कंप मच गया। कई लोग आनन-फानन में अपने घरों से सामान निकालते नजर आए, जबकि कुछ कब्जेदारों ने प्रशासन से अतिरिक्त समय देने की मांग की। कार्रवाई के दौरान भाजपा नेत्री और एसडीएम सोनाली राजपूत के बीच आवास खाली करने को लेकर बहस भी हुई।

भाजपा नेत्री ने अपनी बुजुर्ग मां का हवाला देते हुए प्रशासन से कुछ समय देने की मांग की। प्रशासन द्वारा निर्धारित समय में आवास खाली नहीं किए जाने पर उनका सामान ट्रैक्टर में भरवाकर फिल्टर प्लांट परिसर में भिजवा दिया गया। प्रशासन के अनुसार राजघाट की शासकीय आवासीय कॉलोनी में लंबे समय से ऐसे लोग रह रहे थे, जो नियमानुसार इन आवासों के पात्र नहीं थे। अधिकारियों के मुताबिक कुछ आवास पूर्व में सरकारी कर्मचारियों के नाम आवंटित किए गए थे, लेकिन बाद में दूसरे लोगों ने उनमें कब्जा कर लिया। बताया जा रहा है कि कई कब्जेदारों द्वारा लंबे समय से आवास का किराया भी जमा नहीं किया जा रहा था। करीब आठ दिन पहले अंतिम नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर आवास खाली करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रशासन ने मंगलवार को पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू कर दी। अधिकारियों के पहुंचते ही कॉलोनी में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ लोगों ने अपना सामान खुद बाहर निकालना शुरू कर दिया, जबकि जिन लोगों ने आवास खाली नहीं किए, उनके सामान को प्रशासन की निगरानी में बाहर निकलवाया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने। प्रशासन का कहना है कि शासकीय संपत्ति का उपयोग केवल पात्र आवंटित व्यक्तियों द्वारा ही किया जा सकता है।



## स्वतंत्रता दिवस समारोह में चिकित्सक सम्मानित

**दतिया, 18 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली विभूतियों एवं ग्राम पंचायतों को जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उत्कृष्ट ढंग से अपने कार्य को अंजाम देने वाले डॉ. कुमेल जैदी को एवं विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को मंत्री द्वारा इस अवसर पर प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री कुशवाह ने क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े, पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल, जनप्रतिनिधि, सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्यजन, पत्रकारबंधु, स्कूली छात्र-छात्रायें आदि उपस्थित रहे।

## 10 लायसेंस धारियों के शस्त्र निलंबित

**दतिया, 18 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट दतिया स्वप्निल वानखड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा -17(3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 10 लायसेंस धारियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए हैं।

जिला दण्ड़ाधिकारी द्वारा जिन 10 व्यक्तियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए है उनमें लायसेंसी आनंद कुमार गुप्ता ग्राम उंचिया, महेन्द्र मिश्रा उद्गंवा, नीरज कुशवाह ग्राम कुठौंदा राजेन्द्र सिंह सोमवंशी ग्राम वसीट अरविन्द्र सिंह उर्फ भोले सेंगुवा, हरनारायण पाल निवासी ग्राम हिटोरा रमेश यादव ग्राम गोंदन नरेश कुमार ग्राम हतलव संजू उर्फ राहुल दवे मुड़िन का कुआं लोकेन्द्र सिंह राणा इन्दरगढ़ खड़ौआ थाना इन्दरगढ़ के नाम शामिल है। उक्त लायसेंसधारियों को स्वीकृत शस्त्र लायसेंस को तत्काल प्रभाव से प्रकरण के अंतिम निराकरण तक की अवधि के लिए निलंबित किए गए हैं।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**No: JHS-DY-CEE-C-T-02-2026/NIT** **Date: 18.08.2026**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण), उत्तर मध्य रेल, झाँसी, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु **एक पैकेट सिस्टम** पर ऑन लाइन (E-Tendering) के माध्यम से खुली निविदा आमन्त्रित करते हैं। निविदा दिनाँक **09.09.2026** को **11:00 बजे** तक website **http://www.ireps.gov.in** पर ऑन लाइन जमा की जा सकती है। निविदा के विवरण निम्नानुसार हैः-

**निविदा संख्या :** E-Tender Notice No.-JHS-DY-CEE-C-T-02-2026
**कार्य का नाम :** झाँसी-बीना परियोजना के अंतर्गत तीसरी लाइन के संबंध में अगासोद यार्ड एवं अगासोद-बीना खंड के शेष ओएचई कार्यों का निष्पादन।
**अनुमानित लागत :** 37424587/- **धरोहर राशि :** 748500/-
**कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 03 माह हार्वेस्ट एवं मानसून अवधि सहित
**निविदा खोलने का दिनांक :** 09.09.2026 **वैद्यता अवधि :** 60 दिन
**नोटः-** पूर्ण विवरण और निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** देखें। **1904/26 (PH)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**पत्र सं. : C/JHS/158/GWL/WVMs/e-Auction/2026** **दिनांक :- 14.08.2026**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**श्रेणी : Misc-Static-Service-वाटर वेंडिंग मशीन आवंटन**
**एसेट्स डिटेल्स :** झाँसी मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी

| क्लस्टर/यूनिट्स (स्टेशन) | यूनिट का नाम | PF | लोकेशन |
|---|---|---|---|
| घाटमपुर | GTM-01 | 01 | COP पोल संख्या 01 के पास |
| पुखरायां | PHN-01 | 01 | 1289/COP पोल संख्या 8-10 के पास, CNB छोर की ओर |
| ओरछा | ORC-01 | 01 | COP पोल संख्या 13 के पास, MBA छोर की ओर |
| हरपालपुर | HPP-01 | 01 | निर्माणाधीन स्टेशन भवन के सामने |
| | HPP-02 | 01 | स्टेशन भवन (पैनल रूम) के सामने |

**केटलोग संख्या : JHS-WVM-अगस्त-**
**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक 01.09.2026 को 11:00 बजे**
**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक 01.09.2026 को 12:00 बजे**
**नोट -** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1886/26 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONC



## नवीन पुल पर डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**सेवढ़ा, 18 अगस्त।** सिंध नदी के नवीन पुल पर मंगलवार सुबह 7 बजे के आसपास दर्दनाक सड़क हादसे में करीब 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सेवढ़ा से ग्वालियर की ओर जा रही डीसीएम के चालक ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी ।और वाहन लेकर भाग गया। खबर लगते ही हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सेवढ़ा के वार्ड क्रमांक 15 निवासी रिंकू उर्फ बौरे पिता पुत्ती बालमीक के रूप में हुई है। बताया गया है कि युवक सिंध नदी के नवीन पुल पर मौजूद था, तभी तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, फिलहाल इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस द्वारा जरा रोड से डीसीएम जप्त कर वाहन चालक की संबंधित जानकारी जुटाने के साथ दुर्घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी।

इधर, रिंकू की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना से वार्ड क्रमांक 15 सहित आसपास के क्षेत्र में भी शोक का माहौल है। पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## कलेक्टर ने जन सुनवाई में सुनी 130 से अधिक समस्याएं

**दतिया, 18 अगस्त।** दतिया विधानसभा उप निर्वाचन सम्पन्न होने के पश्चात् आज मंगलवार से जन सुनवाई पुनः प्रारंभ हो गई है। न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 130 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

### तहसीलदार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील भाण्डेर का प्रभार

दतिया प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा आदेश जारी कर श्री अमित दुबे तहसीदार ग्रामीण तहसील दतिया एवं राजस्व वृत्त उद्गंवा तथा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ग्रामीण तहसील दतिया के स्थान पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील भाण्ड़ेर का प्रभारी आगामी आदेश तक सौंपा है।

# जिले में बकायादारों पर विद्युत विभाग की सख्त कार्रवाई शुरू

**दतिया, 18 अगस्त।** जिले में विद्युत बिलों की बकाया राशि की वसूली को लेकर विद्युत विभाग द्वारा अब सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार जिले के सभी वितरण केंद्रों में बकायादार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने की कार्रवाई लगातार जारी है। दतिया जिले में 3 दर्जन से अधिक ऐसे बकायादार उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया है, जिनके पास शस्त्र लाइसेंस हैं। इन बकायादारों द्वारा विद्युत बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने की स्थिति में उनके शस्त्र लाइसेंस के निलंबन की कार्रवाई पुन: अमल में लाने की तैयारी की जा रही है।

शहर सहित पूरे जिले में अभियान तेज दतिया शहर में अभियान के दौरान अब तक लगभग 100 बकायादार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए जा चुके हैं। वहीं भांडेर, सेवढ़ा, इंदरगढ़ सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्रवाई तेज करते हुए एकल उपभोक्ता ट्रांसफार्मर बकाया वाले एक दर्जन से अधिक कनेक्शनध्ट्रांसफार्मर उठाने की कार्रवाई की गई है। 10 विशेष टीमों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग वसूली अभियान को प्रभावी बनाने के लिए वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन में जिले में 10 विशेष टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों की मॉनिटरिंग एवं कार्रवाई का नेतृत्व उपमहाप्रबंधक स्तर के अधिकारी स्वयं कर रहे हैं, जिससे बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी लाई जा सके। दतिया शहर में बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए सुबह तड़के एवं रात्रिकालीन चेकिंग अभियान भी प्रारंभ किया गया है। विभागीय टीमें ऐसे उपभोक्ताओं के परिसरों पर पहुंचकर बकाया राशि की स्थिति की जांच कर रही हैं तथा भुगतान नहीं होने पर नियमानुसार विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से स्पष्ट रूप से अपील की गई है कि वे अपने विद्युत बिलों की बकाया राशि का समय पर भुगतान करें।

बकाया राशि लंबित रहने पर बिना किसी पूर्व निर्धारित समय के कभी भी विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किया जा सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वसूली अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और बड़े बकायादारों के विरुद्ध उपलब्ध वैधानिक प्रावधानों के तहत कनेक्शन विच्छेदन सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि असुविधा एवं कार्रवाई से बचने के लिए अपने बकाया विद्युत बिलों का तत्काल भुगतान करें और विद्युत कनेक्शन नियमित बनाए रखें।